पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–24] रुड़की, शनिवार, दिनांक 25 मार्च, 2023 ई0 (चैत्र 04, 1945 शक सम्वत्) [संख्या–12

फार्म नं0 4
(नियम 8 देखिये)

1–प्रकाशन	:	रुड़की।
2–प्रकाशन की अवधि	:	साप्ताहिक।
3–मुद्रक का नाम	:	अपर निदेशक, एस0 के0 गुप्ता।
(क्या भारतीय नागरिक हैं)	:	भारतीय।
(यदि विदेशी हों तो मूल देश)	:	–
पता	:	अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।
4–प्रकाशक का नाम	:	अपर निदेशक, एस0 के0 गुप्ता।
(क्या भारतीय नागरिक हैं)	:	भारतीय।
(यदि विदेशी हों तो मूल देश)	:	–
5–सम्पादक का नाम	:	उत्तराखण्ड शासन।
(क्या भारतीय नागरिक हैं)	:	भारतीय।
(यदि विदेशी हों तो मूल देश)	:	–
पता	:	सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6–उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार–पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार हों।	:	सचिवालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

मैं, एस0 के0 गुप्ता, अपर निदेशक एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

(प्रकाशक के हस्ताक्षर)
एस0 के0 गुप्ता,
अपर निदेशक,
राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड,
रुड़की।

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु०
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	—	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	333–370	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	109–111	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	—	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	—	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	—	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	—	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	247–253	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	—	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

पर्यावरण, संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग

अधिसूचना

28 फरवरी, 2023 ई०

संख्या 103010/XXXVIII-1-23-13(11)/2001–राज्यपाल, उत्तराखण्ड प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा–कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) अधिनियम, 2013 की धारा 03 की उपधारा (1) अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड राज्य में प्लास्टिक पर प्रतिबंध एवं प्रतिषेध अधिरोपित करने हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या–84/XXXVIII–1–20–13(11)–2001, दिनांक 16 फरवरी, 2021 के प्रस्तर–1 (क) में निम्नानुसार संशोधन करने की एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

विद्यमान प्रस्तर	एतद्द्वारा यथासंशोधित प्रस्तर
1 (क) कोई भी व्यक्ति, स्वयं या किसी और के माध्यम से जानबूझकर या अनजाने में निम्नलिखित प्लास्टिक / थर्मोकोल / स्टायरोफोम सामान के क्रय, विक्रय, उत्पादन, आयात, भण्डारण, ले जाना, उपयोग व आपूर्ति सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में नहीं करेगा:– (एक) किसी भी आकार, मोटाई, माप व रंग के प्लास्टिक कैरी बैग (हैंडल के साथ अथवा बिना हैंडल के) और नॉन–वोवन पॉली प्रोपाईलिन बैग : *परन्तु बायो–कम्पोस्टेबल प्लास्टिक बैग एवं 50 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग, जो जैव चिकित्सा अपशिष्ट, नगरीय ठोस अपशिष्ट और खतरनाक अपशिष्ट के परिवहन में उपयोग किये जाते हैं, पर उपरोक्त प्रतिबन्ध लागू नहीं होगा।* (दो) थर्मोकोल (पॉलीस्टायरीन), पॉलीयुरेथेन, स्टायरोफोम और इसी तरह के बने एकल उपयोग के डिस्पोजेबल कटलरी या प्लास्टिक जैसे प्लेट, ट्रे, कटोरे, कप, गिलास, चम्मच, काँटा, स्ट्रॉ, चाकू, स्टिरर आदि चाहे वे किसी भी आकार व प्रकार के हों। (तीन) एकल उपयोग खाद्य पदार्थ के पैकेजिंग कन्टेनर चाहे किसी भी आकार, माप, प्रकार व रंग के हों, जो पुनः चक्रित प्लास्टिक से बने हों व जो खाद्य / तरल पदार्थ को ढकने, ले जाने व भण्डारित करने में उपयोग होता हो।	1 (क)(एक) कोई भी व्यक्ति, स्वयं या किसी अन्य के माध्यम से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–571 (अ), दिनांक 12.08.2021 में निषिद्ध प्लास्टिक उत्पादों / अन्य सामग्रियों के क्रय, विक्रय, उत्पादन, आयात, भण्डारण, ले जाना, उपयोग व आपूर्ति सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में नहीं करेगा। 1 (क)(दो) भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–571 (अ), दिनांक 12.08.2021 के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में अप्रयुक्त या पुनःचक्रित प्लास्टिक के बने किसी कैरी बैग की मोटाई एक सौ बीस (120) माइक्रोन से कम नहीं होगी तथा गैर–बुना हुआ प्लास्टिक कैरी बैग 60 ग्राम प्रति वर्ग मीटर (जीएसएम) से कम नही होगा।

आज्ञा से,

रमेश कुमार सुधांशु,

प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provision of clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification No.103010/XXXVIII-1-23-13(11)/2001 Dated February 28, 2023 for general information.

NOTIFICATION

February 28, 2023

No.103010/XXXVIII-1-23-13(11)/2001--In exercise of power conferred by sub-section (1) of Section-3 of the Uttarakhand Plastic and Other Non Biodegradable Garbage (Regulation of Use and Disposal) Act, 2013, the Governor is pleased to allow to amend the following para-1(a) of notification No- 84/XXXVIII-1-20-13(11)-2001,dated 16.02.2021, issued by Government of Uttarakhand to impose restriction and prohibition onplastic in the State of Uttarakhand:-

Existing Para	Para hereby substituted
1. (a) No person, by himself or through another, shall knowingly or otherwise, sale, trade, manufacture, import, store, carry, transport, use, supply or distribute the following plastic/thermocol/Styrofoam items in the entire state of Uttarakhand. (i) Polythene carry bags of any shape (with or without handle), thickness, size& colour; and non-woven poly propylene bags *Provided above restriction shall not be applicable on bio-compostable plastic bags and polybags more than 50 micron thickness used for handling, collection, transportation of the waste such as bio medical waste, municipal solid waste and hazardous waste.* (ii) Single use disposable cutleries made up of thermocol (polystyrene), polyurethane, Styrofoam and the like; or plastic such as plate,tray, bowl, cup, glass, spoon, fork, straw, knives, stirrer etc. of any size and shape. (iii) Single use food packaging containers made up of recycled plastics of any size, shape, thickness and colour used to cover, carry, store food/liquid items.	1. (a) (i) No person, by himself or through another, shall sale, trade, manufacture, import, store, carry, transport, use, supply or distribute the plastic products/other materials prohibited in the notification number-571(E), dated 12.08.2021, of the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India in the whole state of Uttarakhand. 1. (a) (ii) In continuation of Government of India's notification no.-571(E), dated 12.08.2021, the thickness of any carry bag made of unused or recycled plastic shall not be less than one hundred and twenty (120) microns and non-woven plastic carry bag shall not be less than 60 Gram Per Square Meter (GSM) in the state of Uttarakhand.

By Order,

RAMESH KUMAR SUDHANSHU,

Principal Secretary.

ग्राम्य विकास अनुभाग–1

विज्ञप्ति / तैनाती

02 फरवरी, 2023 ई०

संख्या I/103734/2023–उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा पदोन्नति के परिणाम स्वरूप चयनित निम्नलिखित सहायक खण्ड विकास अधिकारियों को खण्ड विकास अधिकारी के पद पर वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन–5400/– (सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान रू0 56100–177500 लेवल 10) में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नत करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। पदोन्नत खण्ड विकास अधिकारियों की तैनाती निम्न तालिका के स्तम्भ–3 से स्तम्भ–4 में उल्लिखित उनके नाम के सम्मुख अंकित जनपदों में की जाती है। विकास खण्डों में तैनाती सम्बन्धित जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा की जायेगी:–

क्र.सं.	खण्ड विकास अधिकारी का नाम	वर्तमान तैनाती जनपद	नवीन तैनाती जनपद
1	2	3	4
1.	श्री सोहन लाल कोहली	पौड़ी	टिहरी
2.	श्री जगदीश सिंह रावत	देहरादून	देहरादून
3.	श्री पन्ना लाल	रूद्रप्रयाग	चमोली
4.	श्री किशन राम आर्य	अल्मोड़ा	बागेश्वर
5.	श्री महेश चन्द्र परगई	चम्पावत	पिथौरागढ़
6.	श्री दीवान सिंह कन्याल	पिथौरागढ़	नैनीताल
7.	श्री नवीन चन्द्र उपाध्याय	ऊधमसिंह नगर	पौड़ी
8.	श्री बसन्त बल्लभ जोशी	चम्पावत	ऊधमसिंह नगर

2. उक्त पदोन्नत खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे तत्काल नवीन तैनाती जनपद में योगदान करने के उपरान्त् कार्यभार प्रमाणक आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड पौडी एवं शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3. यह आदेश तत्काल प्रभावी होंगे।

आज्ञा से,

डॉ0 बी0वी0आर0सी0 पुरूषोत्तम,

सचिव।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1

अधिसूचना

17 फरवरी, 2023 ई0

संख्या 100140/XXVIII-2023-ई0–45928/2022–मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (संशोधित) अधिनियम 2021 की संशोधित धारा–3 की उपधारा धारा–2(C) में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार उपधारा 2(D) के अनुसार राज्य के गढ़वाल मण्डल एवं कुमाऊ मण्डल हेतु निम्नानुसार मेडिकल बोर्ड का गठन किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1. गढ़वाल मण्डल हेतु–राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून:–

(1) विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ/वरिष्ठ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ।

(2) विभागाध्यक्ष, बाल रोग विशेषज्ञ/वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ।

(3) विभागाध्यक्ष, रेडियोलॉजिस्ट अथवा सोनोलॉजिस्ट/वरिष्ठ, रेडियोलॉजिस्ट अथवा सोनोलॉजिस्ट।

(4) अन्य विशेषज्ञों को केस के आधार पर बुलाया जायेगा।

2. कुमाऊं मण्डल हेतु–राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी:–

(1) विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ/वरिष्ठ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ।

(2) विभागाध्यक्ष, बाल रोग विशेषज्ञ/वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ।

(3) विभागाध्यक्ष, रेडियोलॉजिस्ट अथवा सोनोलॉजिस्ट/वरिष्ठ, रेडियोलॉजिस्ट अथवा सोनोलॉजिस्ट।

(4) अन्य विशेषज्ञों को केस के आधार पर बुलाया जायेगा।

आज्ञा से,

डा0 आर. राजेश कुमार,

सचिव।

आयुष एवं आयुष शिक्षा अनुभाग

अधिसूचना

21 फरवरी, 2023 ई0

संख्या 228/XL-1/2023-18/2004–आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेश संख्या–T-20020/9/2020-DCC दिनांक 31.10.2022 के क्रम में श्री राज्यपाल महोदय, औषधियों एवं प्रशाधन नियमावली, 1945 के नियम–154(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट, 1945 की धारा–33P के प्राविधानान्तर्गत आयुर्वेदिक एवं औषधि के विनिर्माण अनुज्ञप्ति (लाइसेन्स) जारी किये जाने हेतु आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या–100/XL-1/2022-18/2004 दिनांक 07.01.2022 के द्वारा विशेषज्ञों के पैनल जो दिनांक 31.01.2023 को समाप्त हो गया।

अतः उक्तवत् प्राविधानुसार निम्न विशेषज्ञों का पैनल तत्काल प्रभाव से 01 वर्ष तक बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1	राज्य औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी/लाइसेंसिंग प्राधिकारी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, उत्तराखण्ड देहरादून।	अनुज्ञापन प्राधिकारी	अध्यक्ष
2	डॉ0 डी0सी0सिंह, प्रो0 द्रव्यगुण विभाग, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, ऋषिकुल परिसर, हरिद्वार।	द्रव्यगुण विशेषज्ञ	सदस्य
3	डॉ0 राजीव कुरेले, एसोसिएट प्रोफेसर रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, मुख्य परिसर देहरादून।	रसशास्त्र विशेषज्ञ	सदस्य
4	डॉ0 डी0डी0 बघानी, सहायक औषधि नियंत्रक, आयुर्वेदिक एंव यूनानी सेवा निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून।	औषधि नियंत्रण तंत्र	सदस्य सचिव।

आज्ञा से,

डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय,

सचिव।

युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अनुभाग

अधिसूचना

10 मार्च, 2023 ई0

संख्या 125/VI-4/2022-01(09)06–राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग तथा इस विषय पर विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करते हुए उत्तराखण्ड युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधीनस्थ सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधीनस्थ सेवा नियमावली, 2023

भाग 1– सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधीनस्थ सेवा नियमावली 2023 है।
(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2. उत्तराखण्ड युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधीनस्थ सेवा ऐसी सेवा है, जिसमें समूह "ग" के पद सम्मिलित हैं।

परिभाषायें

3. जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में :–
(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" से निदेशक युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अभिप्रेत है।
(ख) "भारत का नागरिक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो संविधान के भाग–2 के अधीन भारत का नागरिक हो या भारत का नागरिक समझा जाता हो;
(ग) "संविधान" से भारत का संविधान अभिप्रेत है;
(घ) "आयोग" से उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अभिप्रेत है;
(ङ) "सरकार" से उत्तराखण्ड सरकार अभिप्रेत है;
(च) "राज्यपाल" से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है;
(छ) "सेवा का सदस्य" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;
(ज) "सेवा" से उत्तराखण्ड युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधीनस्थ सेवा अभिप्रेत है;
(झ) 'मौलिक नियुक्ति' से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गयी हो;
(ञ) "भर्ती का वर्ष" से किसी कलैण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है;

भाग 2– संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4. (1) सेवा में सदस्यों की संख्या तथा उसमें प्रत्येक के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी राज्यपाल द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) सेवा में सदस्यों की संख्या तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या, जब तक कि उपनियम (1) के

अधीन आदेशों द्वारा परिवर्तन न किया जाए, उतनी होगी जितनी कि इस नियमावली के परिशिष्ट "क" में दी गयी है।

परन्तु यह कि :–

(i) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे प्रास्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हकदार न होगा, या

(ii) राज्यपाल समय–समय पर ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं जिन्हें वह उचित समझें।

भाग 3– भर्ती

भर्ती का स्रोत

5. सेवा में विभिन्न संवर्गों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी :–

(1) क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी – शत प्रतिशत पदों पर आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती।

(2) व्यायाम प्रशिक्षक– शत प्रतिशत पदों पर आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती।

आरक्षण

6. उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण, भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग 4– अर्हताएं

राष्ट्रीयता

7. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी :–

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से 01 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो, होना चाहिये, या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या, युगाण्डा और युनाइटेड रिपब्लिक आफ तंजानिया (पूर्व तंगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो:

परन्तु यह कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) का अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो:

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा उत्तराखण्ड से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले:

परन्तु यह भी कि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) से सम्बन्धित है तो पात्रता का प्रमाण–पत्र 1 वर्ष से अधिक की अवधि के लिये जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को 1 वर्ष की अवधि के आगे सेवा में तभी रहने दिया जायेगा जब वह भारतीय नागरिकता प्राप्त कर ले ।

टिप्पणी :– ऐसे अभ्यर्थी जिनके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इंकार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकेगा और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है, कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाये या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाये।

अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएँ

8 सेवा में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी की निम्नानुसार अर्हताएं होनी आवश्यक हैं :–

(1) क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी :– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता।

(2) व्यायाम प्रशिक्षक :–

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।

(ii) एन0आई0एस0 पटियाला या उससे संबद्ध अन्य एन0आई0एस0 संस्थान से प्रशिक्षण (कोचिंग) में डिप्लोमा या लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (डीम्ड यूनिवर्सिटी), ग्वालियर द्वारा प्रदत्त खेल कोचिंग में स्नातकोत्तर (पी0जी0) डिप्लोमा धारक।

अथवा

बी0पी0एड0 / डी0पी0एड0 / बी0पी0ई0 व निम्न में से कोई एक :–

(क) ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व।

(ख) अखिल भारतीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में राज्य के विद्यालय की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व।

(ग) एक खिलाड़ी के रूप में अन्तर्विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय की टीम के सदस्य के रूप में प्रतिभाग।

(3) अर्हकारी शारीरिक दक्षता :–

(एक) क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी:–

नियम 13 में वर्णित शारीरिक मापदण्ड पूर्ण करने वाले पुरूष व महिला अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा की निम्न विधाओं में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने आवश्यक होंगे :–

पुरूष अभ्यर्थी के लिए

क्र0सं0	मद का नाम	न्यूनतम मानक	अधिकतम अंक	न्यूनतम अपेक्षित अंक
1	200 मीटर दौड़	30 सैकेण्ड	10	10
		28 सैकेण्ड	15	
		26 सैकेण्ड	20	
		24 सैकेण्ड	25	
2	लम्बी कूद	3.5 मीटर	10	10
		4.00 मीटर	15	
		4.5 मीटर	20	
		5.00 मीटर	25	
3	ऊँची कूद	1.05 मीटर	10	10
		1.20 मीटर	15	
		1.35 मीटर	20	
		1.50 मीटर	25	
4	गोला फेंक (12 पॉण्ड का गोला)	6.00 मीटर	10	10
		7.00 मीटर	15	
		8.00 मीटर	20	
		9.00 मीटर	25	

महिला अभ्यर्थी के लिए

क्र0सं0	मद का नाम	न्यूनतम मानक	अधिकतम अंक	न्यूनतम अपेक्षित अंक
1	200 मीटर दौड़	34 सैकेण्ड	10	10
		32 सैकेण्ड	15	
		30 सैकेण्ड	20	
		28 सैकेण्ड	25	
2	लम्बी कूद	3.0 मीटर	10	10
		3.50 मीटर	15	
		4.00 मीटर	20	
		4.50 मीटर	25	
3	क्रिकेट बॉल थ्रो	12 मीटर	10	10
		13 मीटर	15	
		13.5 मीटर	20	
		14 मीटर	25	
4	स्कीपिंग रोप (रस्सी कूदना) प्रति मिनट	55 बार	10	10
		60 बार	15	
		65 बार	20	
		70 बार	25	

टिप्पणी–

1– उपर्युक्त समस्त चार मदो में न्यूनतम 45 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी सफल माने जायेंगे और यदि कोई अभ्यर्थी केवल तीन मदो में उपस्थित होता है और 45 अंक या उससे अधिक अंक प्राप्त करता है तो यह भी सफल माना जायेगा/जायेगी।

2– असफल अभ्यर्थियों के स्थान पर नये अभ्यर्थी रख दिये जायेंगे।

3– अभ्यर्थी विभिन्न मदों में उसके द्वारा किये गये प्रदर्शन के अनुरूप उक्त तालिकाओं के आधार पर ही समानुपातिक अंक प्राप्त करेगा।

(दो) व्यायाम प्रशिक्षक :–

नियम 13 में वर्णित शारीरिक मापदण्ड पूर्ण करने वाले पुरूष व महिला अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा की निम्न विधाओं में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने आवश्यक होंगे :–

पुरुष अभ्यर्थियों के लिए

(एक) भारतीय व्यायाम

क्र0सं0	मद का नाम	अधिकतम अंक	न्यूनतम अपेक्षित अंक
1	मलखंभ	25 अंक	अभ्यर्थी को तीनों मदों में न्यूनतम 60 अंक अवश्य प्राप्त करना चाहिए।
2	आसन	25 अंक	
3	मुगदर	25 अंक	

(दो) जिम्नास्टिक

क्र0सं0	मद का नाम	अधिकतम अंक	न्यूनतम अपेक्षित अंक
1	पैरेलल–बार	25 अंक	अभ्यर्थी को समस्त पांच मदों में न्यूनतम 75 अंक अवश्य प्राप्त करना चाहिए।
2	होरिजेन्टल बार	25 अंक	
3	वाल्टिंग हॉर्स	25 अंक	
4	पामेल्ड हार्स	25 अंक	
5	फ्लोर एक्सरसाईज	25 अंक	

महिला अभ्यर्थियों के लिए

(एक) भारतीय व्यायाम

क्र0सं0	मद का नाम	अधिकतम अंक	न्यूनतम अपेक्षित अंक
1	आसन	25 अंक	अभ्यर्थी को समस्त दोनो मदों में न्यूनतम 33 अंक अवश्य प्राप्त करना चाहिए।
2	मुगदर	25 अंक	

(दो) जिम्नास्टिक

क्र0सं0	मद का नाम	अधिकतम अंक	न्यूनतम अपेक्षित अंक
1	वाल्टिंग हार्स	30 अंक	अभ्यर्थी को समस्त चार मदों में न्यूनतम 60 अंक अवश्य प्राप्त करना चाहिए।
2	फ्लोर एक्सरसाईज	30 अंक	
3	बैलेन्सिंग बीम	30 अंक	
4	अनइवन बार	30 अंक	

अधिमानी अर्हताएं	9	अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जाएगा जिसने – (1) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम् अवधि तक सेवा की हो या (2) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' अथवा 'सी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो या (3) जिसे किसी पद के संबंध में युवा कार्य का अनुभव हो या जिसने खेलकूद में प्रवीणता प्राप्त की हो, या (4) क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, अधिकारी के पद के सम्बन्ध में भर्ती के वर्ष की प्रथम जुलाई को संगठन में विकास खण्ड कमाण्डर या हल्का सरदार या दलपति के रूप में कम से कम 03 वर्ष की सेवा की हो।
अनिवार्य/वांछनीयअर्हता	9(क	उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के पदों की भर्ती के लिए अनिवार्य/वांछनीय अर्हता नियमावली, 2010 समय–समय पर यथासंशोधित के प्रावधानों के अनुसार होंगी।
आयु	10.	सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु, यदि पद 01 जनवरी से 30 जून की अवधि के दौरान विज्ञापित किये जाते हैं तो जिस वर्ष भर्ती की जाती है उस वर्ष की 01 जनवरी को 21 वर्ष और अधिक से अधिक 42 वर्ष होनी चाहिए और यदि पद 01 जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि के दौरान विज्ञापित किये जाते हैं तो उस वर्ष की 01 जुलाई को 21 वर्ष और अधिक से अधिक 42 वर्ष होनी चाहिए: परन्तु यह कि उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़ा वर्ग और ऐसे अन्य श्रेणियों जो सरकार द्वारा समय समय पर अधिसूचित किये जाय के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय
चरित्र	11.	सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान करेगा। **टिप्पणी** :– संघ सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकारी या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।
वैवाहिक प्रास्थिति	12.	नियुक्ति के लिये ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नी हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसके एक से अधिक पति जीवित हैं: परन्तु यह कि सरकार किसी पुरूष या महिला को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है यदि उनका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण विद्यमान है।
शारीरिक स्वस्थता	13.	(1) किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा यदि वह मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त नहीं है जिसके कारण उसे अपने कर्तव्यों के दक्षता पूर्वक निर्वहन में हस्तक्षेप की सम्भावना हो। (2) किसी अभ्यर्थी को सेवा में नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने से पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड–I, भाग–II के अध्याय–I। में समाविष्ट मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे: दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 49 वर्ष 2016) की धारा 33 के क्रम में इस हेतु चिन्हित पदों तथा धारा 34 के अन्तर्गत चिन्हित श्रेणियों में दिव्यांगों को नियमानुसार नियुक्ति देने से मना नहीं किया जायेगा। (3) क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी और व्यायाम प्रशिक्षक के पदों के लिए शारीरिक मापदण्ड की न्यूनतम अपेक्षायें निम्नलिखित होंगी :– (एक) पुरूष अभ्यर्थी :– (क) सामान्य/पिछड़ी तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम लम्बाई 165 सेमी0 (ख) पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम लम्बाई 160 सेमी0 (ग) अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम लम्बाई 157.5 सेमी0 (घ) सामान्य/पिछड़ी तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए सीना :– (1) बिना फुलाए 78.8 सेमी0

(2) फुलाकर 83.8 सेमी0

(ङ) पर्वतीय क्षेत्र/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए सीना :–

(1) बिना फुलाए 76.3 सेमी0

(2) फुलाकर 81.3 सेमी0

नोट :– कम से कम 05 से0मी0 का फुलाव आवश्यक है।

(दो) महिला अभ्यर्थी :–

(क) सामान्य/पिछड़ी तथा अनुसूचित जाति की अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम लम्बाई 152 सेमी0

(ख) पर्वतीय क्षेत्र/अनुसूचित जनजाति की अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम लम्बाई 147 सेमी0

नोट :– वजन न्यूनतम 45 कि0ग्रा0 होना अनिवार्य है।

भाग 6– भर्ती प्रक्रिया

रिक्तियों की अवधारणा

14. नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन तत्समय प्रवृत्त नियमों के अनुसार उत्तराखण्ड की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा और उसकी सूचना अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को देगा

सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15. (1) इस नियमावली के अन्तर्गत पदों पर सीधी भर्ती उत्तराखण्ड (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली 2008 के अनुसार होगी

(2) आयोग द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों की संविक्षा की जायेगी तथा अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का नियम 13 में उल्लिखित शारीरिक मापदण्ड तथा नियम 6 के उपनियम (3) में उल्लिखित शारीरिक दक्षता का परीक्षण निम्नानुसार गठित चयन समिति द्वारा कराया जायेगा :–

(एक) जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी– अध्यक्ष

(दो) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी– सदस्य

(तीन) जिला क्रीड़ा अधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी– सदस्य

(चार) जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी– सदस्य सचिव

परन्तु यह कि व्यायाम प्रशिक्षक के पद पर भर्ती के प्रयोजन के लिए समिति एक अतिरिक्त सदस्य के रूप में भारतीय व्यायाम के एक विशेषज्ञ को सहयोजित करेगी

(3) चयन समिति द्वारा किये गये परीक्षण एवं की गयी संस्तुति के आधार पर आयोग द्वारा शारीरिक मापदण्ड एवं दक्षता परीक्षण में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित किया जायेगा तथा निर्धारित शारीरिक मापदण्ड पूर्ण करने वाले एवं तत्पश्चात क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी पद हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा व व्यायाम प्रशिक्षक हेतु व्यायाम परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की आयोग लिखित परीक्षा आयोजित करेगा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवीणता सूची (अंतिम चयन सूची) आयोग द्वारा तैयार की जायेगी सूची में नामों की संख्या अधिसूचित रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु 25 प्रतिशत से अनधिक) होगी। आयोग द्वारा सूची नियुक्ति प्राधिकारी को प्रेषित की जायेगी।

टिप्पणी :– प्रतियोगी परीक्षा के लिए नियम और पाठ्यक्रम समय-समय पर आयोग द्वारा निर्धारित किये जायेंगे

भाग 8– नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

16. (1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में लेकर जिसमें वे यथास्थिति नियम 15 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों, नियुक्तियाँ करेगा।

(2) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायें तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें व्यक्तियों के नाम का उल्लेख उस ज्येष्ठताक्रम में किया जायेगा जैसा कि यथास्थिति चयन में अवधारित किया जाय,

(3) नियुक्ति प्राधिकारी अस्थायी रिक्तियों में उपनियम (1) के अधीन तैयार की गयी सूची में से नियुक्ति कर सकता है, यदि इन सूचियों का कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह इन नियमों के अधीन पात्र अभ्यर्थियों में से तदर्थ आधार पर ऐसी रिक्तियों में एक वर्ष से अनधिक की अवधि के लिये या अगला चयन किये जाने तक इनमें जो भी पहले हो नियुक्तियां कर सकता है एक वर्ष या अधिक अवधि के लिए आयोग व शासन के अनुमोदन के बिना ऐसी नियुक्तियां नहीं की जा सकेंगी।

परिवीक्षा

17. (1) सेवा या किसी स्थायी पद पर या उसके विरूद्ध रिक्ति पर नियुक्त व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे पृथक-पृथक मामलों में परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकेगा, जिसमे जब तक कि अवधि बढ़ायी गयी है दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायेगा।

परन्तु यह कि आपवादिक कारणों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी ।

(3) यदि नियुक्ति प्राधिकारी को प्रतीत होता है कि परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी समय या परिवीक्षा अवधि की समाप्ति अथवा परिवीक्षा की बढ़ायी गयी अवधि में किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति द्वारा अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया गया है या अन्यथा समाधान प्रदान करने में असफल रहा है, तो उसे उसके मूल पद पर, यदि कोई है, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है या यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार नहीं है तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकेंगी

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे उपरोक्त उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित कर दिया गया हो या जिसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी हों किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा

(5) नियुक्ति प्राधिकारी परिवीक्षा अवधि की संगणना के प्रयोजन हेतु उस निरन्तर सेवा को गिने जाने की अनुमति दे सकेगा जो उस विशिष्ट संवर्ग में शामिल किये गये पद पर या किसी समान अथवा उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप में प्रदान की गयी हो।

स्थायीकरण

18. किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को उसकी परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जाएगा यदि उसने :-

(क) विहित विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, उत्तीर्ण कर ली हो ,

(ख) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक हो ,

(ग) उसकी सत्यनिष्ठा अधिप्रमाणित हो तथा,

(घ) नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान हो जाए कि वह स्थायीकरण हेतु अन्यथा योग्य है।

ज्येष्ठता

19. सेवा में किसी भी संवर्ग के पद पर किसी व्यक्ति की ज्येष्ठता का निर्धारण "उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता निर्धारण नियमावली 2002" के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा

भाग 7 - वेतन इत्यादि

वेतनमान

20. (1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जायेगा।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय प्रवृत वेतनमान वे होंगे जैसा परिशिष्ट 'क' में दिये गये हैं

परिवीक्षा के दौरान वेतन

21 (1) मूल नियमों में किसी प्रतिकूल प्रावधान के होते हुए भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में नहीं है, तो उसे 01 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूरी करने, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने और प्रशिक्षण प्राप्त होने पर जहां विहित हो समयमान में प्रथम वेतन वृद्धि की अनुमति प्रदान की जायेगी तथा दूसरी वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् परिवीक्षा अवधि पूर्ण किये जाने तथा स्थायी किये जाने पर दी जायेगी

परन्तु यह कि यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे, ऐसी बढ़ाई गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिए नहीं की जायेगी

(2) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन जो सरकार के अधीन पहले से ही पद धारण कर रहा है संगत मूल नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा

परन्तु यह कि यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दें ऐसी बढ़ाई गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिए नहीं की जायेगी।

(3) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो पहले से ही स्थायी सरकारी सेवा में है राज्य के कार्यों से सम्बन्धित सामान्य सेवारत सेवकों पर लागू संगत नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

भाग 8– अन्य उपबन्ध

अधियाचन

22. किसी पद या सेवा पर लागू नियमावली के अधीन अपेक्षित संस्तुति से भिन्न पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के अयोग्य कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन

23. ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो इन नियमों या विशेष आदेशों के अन्तर्गत नहीं आते, सेवा में नियुक्त ऐसे व्यक्ति राज्य के कार्यों से सम्बन्धित सेवारत सरकारी सेवकों पर साधारणतः लागू विनियमों और आदेशों द्वारा विनियमित होंगे।

सेवा शर्तों का शिथिलीकरण

24. जहाँ राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई हो सकती है वहाँ उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुये भी आदेश द्वारा इस सीमा तक तथा ऐसी शर्तों के अधीन इस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्त कर देगी या शिथिल कर देगी, जो वह मामले के सम्बन्ध में न्यायोचित तथा साम्यतापूर्वक कार्यवाही करने के लिये उचित समझे

परन्तु यह कि जहां कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया है वहां नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्त करने या शिथिल करने से पूर्व आयोग से परामर्श करना होगा।

व्यावृत्ति

25. इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़े वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये उपबन्धित किया जाना अपेक्षित है।

परिशिष्ट "क"

(नियम–4 का उपनियम–2 एवं नियम–20 का उपनियम–2 देखिये)

क0सं0	पद का नाम	वेतनमान एवं ग्रेड वेतन(रू0)	पदो की संख्या
01.	क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी	लेवल–5 29,200–92 300	95
02	व्यायाम प्रशिक्षक	लेवल–5 29,200–92,300	63

आज्ञा से,

दीपेन्द्र कुमार चौधरी,

सचिव।

n pursuance of the provision of clause (3) of article 348 of the Constitution of Ind a the Governor is pleased to order the pub cation of the fo owing Eng ish translation of Notification No.125/Vi-4/2022-01(09)06 Dehradun Dated March 10 2023 for genera information

NOTIFICATION

March 10, 2023

No 125/VI-4/2022-01(09)06--In exercise of the power conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India and n supersession of all ex st ng ru es and orders on the subject the Governor is pleased to make the fo low ng rules regulat ng recruitment and conditions of service of persons appointed to the Uttarakhand Youth Welfare and Prantiya Rakshak Da Subord nate Service namely -

The Uttarakhand Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal Subordinate Service Rules, 2023

PART I -General

Short title and Commencement 1. (1) These rules may be called the Uttarakhand Youth Welfare and Prantiya Rakshak Da. Subordinate Service Rules, 2023

(2) It shall come into force at once.

Status of the Service 2. The Uttarakhand Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal Subordinate Service is a service comprising Group "C" posts.

Definitions

3. In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context-

(a) "Appointing authority" means Director, Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal ;

(b) "Citizen of India" means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of the "Constitution of India";

(c) "Constitution" means the Constitution of India;

(d) "Commission" means the Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission;

(e) "Government" means the State Government of Uttarakhand;

(f) "Governor" means the Governor of Uttarakhand;

(g) "Member of the service" means a person substantively appointed under these rules or the rules or orders in force prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the Service;

(h) "Service" means the Uttarakhand Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal Subordinate Service ;

(i) "Substantive appointment" means an appointment, not being an adhoc appointment on a post in the cadre of the service, made after selection in accordance with the rules and, if there are no rules, in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instructions issued by the Government;

(j) 'Year of recruitment' means a period of twelve months commencing from the first day of July of a calendar year.

PART II— Cadres

Cadre of the Service

4. (1) The strength of the service and each categories of post therein shall be as such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The strength of the service and each categories of posts shall, until orders varying the same as passed under sub-rule (1) be such as given in the Appendix 'A'

Provided that;-

(i) The Appointing Authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitling any person to compensation,

(ii) The Governor may create such additional temporary or permanent posts as he may consider proper.

PART III—Recruitment

Source of recruitment

5. Recruitment to the various categories of posts in service shall be made from the following sources:-

(1) **Regional Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal Officer** – hundred percent posts by direct recruitment through the Commission.

(2) **Vyayam Prashikshak** - hundred percent posts by direct recruitment through the Commission.

Reservation

6. Reservation for the candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Economically Weaker Sections and Other Categories belonging to the State of Uttarakhad shall be in accordance with the order of the Government in force at the time of recruitment.

PART IV— Qualification

Nationality

7. A candidate for direct recruitment to a post in the service must be:-

(a) A citizen of India; or

(b) A Tibetan refugee who came over to India before the Ist January, 1962 with the intention of permanently settling in India; or

(c) A person of Indian origin who has migrated from Pakistan, Burma, Sri Lanka or the East African countries of Kenya, Uganda and the United Republic of Tanzania (formerly Tanganyika and Zanzibar) with the intention of permanently settling in India:

Provided that a candidate belonging to the category (b) or (c) above must be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the State Government;

Provided further that a candidate belonging to the category (b) above shall be required to obtain a certificate of eligibility granted by the Inspector General of Police, Intelligence Branch, Uttarakhand:

Provided also that if a candidate belongs to category (c) above, the certificate of eligibility shall not be issued for more than one year and the retention of such candidate retain service beyond one year shall be subject to acquiring Indian citizenship.

Note– A candidate in whose case a certificate of eligibility is necessary but the same has neither been issued nor refused may be admitted to an examination or interview and may be provisionally appointed, subject to the necessary certificate being obtained by him or issued in his favour

Academic Qualification

6. A candidate must have following qualifications for direct recruitment to the posts of various categories :-

(1) **Regional Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal Officer**- Graduation degree from any recognized University or any other qualification affiliated by Government equivalent thereto

(2) Vyayam Prashikshak-

(i) Graduation degree from any recognized University.

(ii) Diploma in training (coaching) from NIS Patiala or other NIS institutions affiliated with it or Post Graduate Diploma in sports coaching from Laxmibai National Physical Education Instititon (deemed university), Gwalior.

Or

B.P.Ed/ D.P.Ed/ B.P.E. and any one of following-

(a) Representation at National level in rural sports competition.

(b) Representation at National level from a State school in All India School Sports Competition.

(c) Participation as a team member of university in Inter University Sports Competitons.

(3) Essential Physical efficiency:

(i) Regional Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal Officer-

Male and female candidates fulfilling the physical criteria mentioned in rule 13 shall need to attain the prescribed minimum marks in following genres:

For male candidate :

S.N	Name of event	Minimum standard	Maximum marks	Minimum required marks
1	200 meter race	30 second	10	
		28 second	15	
		26 second	20	10
		24 second	25	
2	Long Jump	3.5 meter	10	
		4.00 meter	15	
		4 5 meter	20	10
		5.00 meter	25	
3	High Jump	1.05 meter	10	
		1.20 meter	15	
		1 35 meter	20	10
		1.50 meter	25	
4	Shot Put (12 ponds)	6.00 meter	10	
		7.00 meter	15	
		8.00 meter	20	10
		9.00 meter	25	

For female candidate:

S.N.	Name of event	Minimum standard	Maximum marks	Minimum required marks
1	200 meter race	34 second	10	
		32 second	15	
		30 second	20	10
		28 second	25	
2	Long Jump	3 0 meter	10	
		3 50 meter	15	
		4.00 meter	20	10
		4.50 meter	25	
3	Cricket Ball throw	12 meter	10	
		13 meter	15	
		13.5 meter	20	10
		14 meter	25	
4	Skipping Rope per minutes	55 times	10	
		60 times	15	
		65 times	20	10
		70 times	25	

Note:- 1- The candidates who obtain 45 marks in all the above four events shall be considered successful and if a candidate appears in only three items and obtains 45 marks or more then he/she shall also be considered successful.

2- Unsuccessful candidates shal. be replaced by new candidates.

3- Candidates shall obtain proportionate marks on the basis of his performance in different events as refelected in above table.

(ii) **Vyayam Prashikshak :**

Male and female candidates fulfilling the physical criteria mentioned in rule 13 shall need to attain the prescribed minimum marks in following genres:

For male candidates:

(i) Indian Exercises :

S.n.	Name of event	Maximum marks	Minimum required marks
1	Malkhamb	25 marks	A candidate should attain a minimum of 50 marks in these three events
2	Aasana		
3	Mugdar		

(ii) Gymnastic

S.n.	Name of event	Maximum marks	Minimum required marks
1	Parallel-Bar	25 marks	A candidate should attain a minimum of 75 marks in all five events.
2	Horizontal Bar		
3	Vaulting Horse		
4	Pomelled horse		
5	Floor exercise		

For female candidates:

(i) Indian exercise:

S.n.	Name of event	Maximum marks	Minimum required marks
1	Aasana	25 marks	A candidate should attain a minimum of 33 marks in all two events.
2	Mugdar		

(ii) Gymnastic

S.N.	Name of event	Maximum marks	Minimum required marks
1	Vaulting Horse	30 marks	A candidate should attains a miaimum of 60 marks in all four events.
2	Floor exercise		
3	Balancing Beam		
4	Uneven Bar		

Preferential qualifications

9. A candidate who has :

(i) Served in the Territorial Army for a minimum period of two years, or

(ii) Obtained a 'B' or 'C' certificate of National Cadet Corps, or

(iii) who has youth work experience in respect of any post or who has acquired proficiency in sports, or

(iv) In relation to the post of Regional Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal Officer, on the 1st July of the year of recruitment, he has served in the organization as Block Commander or Halka Sardar or Dalpati for at least three years, shall other things being equal, be given preference in the matter of direct recruitment

Essential/ desirable qualifications

9(A). The Essential/ desirable qualification shall be according to the provisions of Essential/desirable Qualification for the Recruitment of Group "C" post within the Purview of Uttarakhand Public Service Commission and Outside the

Purview of the Public Service Commiss.on, Ruls, 2010, as amended from time to time.

Age

10. A candidate for direct recruitment, if the vacancies are advertised for the period of 01 January to 30 June, must have attained the age of 21 years and must not have attained the age of more than 42 years on the first day of January and if the vacancies are advertised for the period of 01 July to 31 December, must have attained the age of 21 years and must not have attained the age of more than 42 years on the first day of July:

Provided that the upper age limit in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward classes and such other categories as may be notified by the Government from time to time, shall be greater by such number of years as may be specified.

Character

11 The Character of a candidate for direct recruitment to a post in the service must be such as to render him suitable in all respects for employment in government service. The Appointing Authority shall satisfy itself on this point.

Note: - Persons dismissed by the Union Government or a State Government or by a Local Authority or a Corporation or Body owned or controlled by the Union Government or a State Government shall be ineligible for appointment to any post in the service. Persons convicted of an offence involving moral turpitude shall also be ineligible.

Marital status

12. A male candidate who has more than one wife living or a female candidate, who has more then one huband a living shall not be eligible for appointment to a post in the service:

Provided that the Government may, if satisfied that there exist special grounds for doing so, exempt any person from operation of this rule.

Physical fitness 13. (1) No such candidate shall be appointed to any post in the service, unless he be in good mental and bodily health and is free from any such physical defect, likely to interfere in the efficient discharge of his duties.

(2) Before a candidate is finally approved for appointment in the service, he shal. be required to submit a medical certificate of fitness as per the rules made under the Fundamental rule-10 contained in Chapter-III of Financial Handbook volume-II Part III

Provided further that in order of section 33, the posts identified for this and the categories identified under section- 34 of the Rights of persons with Disabilities Act.2016(Act. no-49of 2016) the disabled shall not be denied the appointment as per rules.

(3) The minimum physical measurement expectations for the post of Regional Youth Welfare and Prantiya Rakshak Dal Officer and Vyayam Prashikshak or shall be following:-

(i) Male candidate:

(a) Minimum height for the General/ Backward and Scheduled Castes Candidates - 165 Cm.

(b) Minimum height for the hilly area candidates - 160 Cm.

(c) Minimum height for the Scheduled Tribes candidates- 157 5 Cm.

